ekfld iz'u&i=

fo"k; % i;kZoj.k vkSj ge — ekl % vizSy

d{kk % **III** — lRj % 1

1. मिलान कीजिए– 4x2=8

(i)	मामा	(क)	मौसा
(ii)	नाना	(ख)	फूफा
(iii)	फूआ	(ग)	मामी
(iv)	मौसी	(घ)	नानी

2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) भाई की पत्नी को भाभी कहते हैं।

(ii) माँ की बहन मामी कहलाती है।

(iii) बड़ी बहन के पति जीजा जी कहलाते हैं।

(iv) पिता जी की बहन को मौसी कहते हैं।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x4=16

(i) आस्था के ––––– की शादी हो रही है।(चाचा/मामा)

(ii) चाचा की पत्नी को ––––– कहते हैं।(चाची/नानी)

(iii) दिल्ली में आस्था के ––––– रहते है। (फूआ–फूफा/मामा–मामी)

(iv) शादी में आस्था के ––––– आये थे।(रिश्तेदार/बटाईदार)

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) 'चाचा की शादी' कविता में, किन–किन रिश्तेदारों की चर्चा की गई है?

(ii) आप अपने रिश्तेदारों के नाम लिखिए।

(iii) कौन–कौन से ऐसे मौके हैं , जब आपके घर में बाहर से रिश्तेदार आते हैं?

(iv) आप किस–किस अवसर पर अपने रिश्तेदारों के यहाँ गये हैं?

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए– 1x10=10

(i) आप अपने परिवार के सदस्यों के नाम तथा उनसे अपना रिश्ता लिखिए–

नाम	रिश्ता

(ii) आप अपनी माँ एवं पिता की तरफ के रिश्तों के नाम लिखिए–

माँ से संबंधित	पिता से संबंधित

ekfld iz'u&i=

fo"k; % i;kZoj.k vkSj ge — ekl % vizSy

d{kk % **III** — lRj % 2

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) आप अपनी माँ की माँ को ––––– कहते हैं। (नानी/मामी)

(ii) पिताजी के पिता जी ––––– कहलाते है। (दादा/नाना)

(iii) माँ के भाई को ––––– कहते हैं। (मौसा / मामा)

(iv) माँ की बहन को ––––– कहते हैं। (मौसी / फुआ)

2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) आस्था और आकाश भाई–बहन हैं। ☐

(ii) आस्था के भाई की शादी है। ☐

(iii) दिल्ली में आस्था के मामा–मामी रहते हैं। ☐

(iv) आस्था के नानी जी निमंत्रण पत्र पर नाम लिख रही थी। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तम्भ 'अ'		स्तम्भ 'ब'
(i)	माँ के पिता जी	(क)	भाभी
(ii)	पिता जी की माँ	(ख)	नाना
(iii)	बहन के पति	(ग)	दादी
(iv)	बड़े भाई की पत्नी	(घ)	जीजा जी

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) 'चाचा की शादी' कविता में किन–किन रिश्तों के नाम आये हैं?

(ii) ऐसे अवसरों के नाम लिखिए, जब आपके घर, बाहर से रिश्तेदार आते हैं?

(iii) आपके मामा का बेटा, आपकी माँ का क्या लगेगा?

(iv) आपकी फुआ की बेटी, आपके पिताजी की कौन लगेगी?

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) आस्था की चाची, शादी के बाद किन–किन नये रिश्तों के नाम से जानी जायेंगी?

(ii) आस्था के चाचा, शादी के बाद ससुराल में किन–किन रिश्तों के नाम से जाने जायेंगे?

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % ebl

d{kk % **III** — lV % 1

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) आपके परिवार में कुल ––––– सदस्य है।

(ii) मेरी माँ का नाम ––––– है।

(iii) मेरी पिताजी का नाम ––––– है।

(iv) मेरे ––––– भाई ––––– बहन हैं।

2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) गाय एक पालतू जानवर है। ☐

(ii) तितलियों के पंख रंगीन नहीं होते हैं। ☐

(iii) छिपकली मांसाहारी प्राणी है। ☐

(iv) मेंढक रेंगकर चलता है। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तम्भ 'अ'		स्तम्भ 'ब'
(i)	उड़नेवाला	(क)	मेंढक
(ii)	तैरनेवाला	(ख)	साँप
(iii)	फुदकनेवाला	(ग)	गोरैया
(iv)	रेंगनेवाला	(घ)	रोहू

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) ऐसे दो कामों को बताइए, जो आपके पिताजी आपके लिए करते हैं?

(ii) ऐसे दो कामों को बताइए, जो आपकी माँ आपके लिए करती हैं?

(iii) बिना पैरों वाले तीन जीवों के नाम लिखिए।

(iv) जुगाली करने वाले चार जानवरों के नाम लिखिए।

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) परिवार के सदस्य कैसे एक–दूसरे को सहयोग करते हैं?

(ii) अपने घर के अंदर तथा घर के बाहर पाये जाने वाले पाँच–पाँच जीवों के नाम लिखिए।

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % ebl

d{kk % **III** lV % 2

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) मेरे घर में खाना बनाने का काम .....।

(ii) मेरे घर में कपड़े साफ करने का काम .....।

(iii) मेरे घर में बाजार या बाहर का काम .....।

(iv) मेरे घर में जरूरी फैसले .....।

2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) मकड़ियाँ बिल में रहती हैं। ☐

(ii) कुत्ता एक पालतू पशु है। ☐

(iii) छिपकली को पूँछ नहीं होती है। ☐

(iv) बन्दर सर्वाहारी जीव है। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तम्भ 'अ'		स्तम्भ 'ब'
(i)	मांस खाने वाला	(क)	भैंस
(ii)	मांस नहीं खाने वाला	(ख)	साँप
(iii)	जुगाली करने वाला	(ग)	तोता
(iv)	निगलने वाला	(घ)	लकड़बग्घा

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) आपकी माँ घर में कौन–कौन सा काम करती हैं?

(ii) आप घर में कौन–कौन सा काम करते हैं?

(iii) ऐसे पाँच जीवों के नाम लिखिए जिन्हें पूँछ होती हैं?

(iv) तीन ऐसे जीवों के नाम लिखिए जो अपना भोजन जीभ से पकड़ते हैं?

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए– 1x10=10

(i) एक जगह से दूसरी जगह आने जाने के तरीकों के आधार पर दो–दो जीवों के नाम लिखिए–

क्र.सं.	चलकर	उड़कर	तैरकर	फुदककर	रेंगकर
1.					
2.					

(ii) आप अपने परिवार के सदस्यों के नाम के साथ अपनी पारिवारिक वंशावली बनाइए।

ekfld iz'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkSj ge — ekl % tqykbZ

d{kk % **III** — lsV % 1

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8
   - (i) ——— दाना चुगने वाली पक्षी है।
   - (ii) ——— मांसाहारी पक्षी है।
   - (iii) ——— फल खाने वाला पक्षी है।
   - (iv) ——— सर्वाहारी पक्षी है।
2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8
   - (i) तुलसी पत्ता का उपयोग दवा के रूप में किया जाता है। ☐
   - (ii) नीम का पत्ता मीठा होता है। ☐
   - (iii) गुलाब की पत्तियाँ के किनारे कटे–फटे होते हैं। ☐
   - (iv) पीपल की पत्तियाँ नुकीली होती हैं। ☐
3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तम्भ 'अ'		स्तम्भ 'ब'
(i)	मजबूत तना	(क)	चिड़चिड़ी
(ii)	कोमल तना	(ख)	गेंदा
(iii)	पेड़	(ग)	अमरूद
(iv)	छोटा पौधा	(घ)	युक्लिप्टस

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16
   - (i) सिलाव के प्रसिद्ध मिठाई का नाम बताइए।
   - (ii) पशुओं से कौन–कौन से खाद्य पदार्थ प्राप्त होते हैं?
   - (iii) दो कच्ची खायी जाने वाली चीजों के नाम लिखिए।
   - (iv) आग पर पका कर खाई जाने वाली दो चीजों के नाम बताइए।
5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10
   - (i) रोटी बनाने के लिए, क्या–क्या करना पड़ता है ?
   - (ii) भात बनाने के लिए क्या–क्या करना पड़ता है ?

ekfld iz'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkSj ge — ekl % tqykbZ

d{kk % **III** — lsV % 2

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8
   - (i) मुर्गे की बोली ————————
   - (ii) कौवे की बोली————————
   - (iii) कबूतर की बोली ————————
   - (iv) कोयल की बोली ————————
2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8
   - (i) बरगद का पत्ता गोलाकार होता है। ☐
   - (ii) पीपल का पत्ता नुकीला होता है। ☐
   - (iii) सहजन के पत्ते को सजाने के काम में लाते है। ☐
   - (iv) आम के पत्तों की सब्जियाँ बनती हैं। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तम्भ 'अ'		स्तम्भ 'ब'
(i)	फलदार पौधा	(क)	युक्लिप्टस
(ii)	फूलों वाला पौधा	(ख)	संतरा
(iii)	लंबा पेड़	(ग)	चिड़चिड़ी
(iv)	छोटा पौधा	(घ)	उड़हुल

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) भोजपुर के एक प्रसिद्ध भोज्य पदार्थ का नाम लिखिए।

(ii) एक ऐसे पौधे का नाम लिखिए जिसकी पत्तियाँ और बीज दोनों खाये जाते हैं।

(iii) हमारे घरों में खाना बनाने का काम कौन करते हैं?

(iv) दो ऐसी चीजों के नाम लिखिए जिन्हें कच्चा और पकाकर दोनों तरीकों से खाया जा सकता है।

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) खाना बनाने के लिए, क्या–क्या करना पड़ता है तथा उन कार्यो को कौन करते हैं?

(ii) खाना बनाने के काम में, किनको–किनको सहयोग करना चाहिए और क्यों?

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % vxLr

d{kk % **III** lV % 1

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) ..... भून कर खाते हैं।

(ii) ..... सेंक कर बनायी जाती है।

(iii) पिट्ठा ..... कर बनाया जाता है।

(iv) रोटी ..... कर बनायी जाती है।

2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) चूने से दीवारों की पुताई की जाती है। ☐

(ii) चौखट–दरवाजे मिट्टी से बनाई जाती है। ☐

(iii) घर को सजाने के लिए रंगोली बनाते हैं। ☐

(iv) पक्के मकान मिट्टी के बने होते हैं। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तम्भ 'अ'		स्तम्भ 'ब'
(i)	मिट्टी का तेल	(क)	चूल्हा
(ii)	प्रेशर कुकर	(ख)	जलावन
(iii)	लिट्टी	(ग)	बर्तन
(iv)	सोलर कुकर	(घ)	खाद्य पदार्थ

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) आपके घर में किन–किन बर्तनों का उपयोग, खाना बनाने के लिए किया जाता है?

(ii) जलावन के रूप में आपके घर में, किन–किन वस्तुओं का उपयोग किया जाता है?

(iii) अगर घरों में खिड़कियाँ न हों, तो क्या होगा?

(iv) आपके घर को बनाने में, किन–किन सामग्रियों का उपयोग किया गया है?

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) अगर दुनिया से जलावन खत्म हो जाये, तो क्या होगा तथा खाना बनाने के लिए, क्या करना होगा?

(ii) यदि घर नहीं हो, तो हमें क्या–क्या परेशानी हो सकती है?

ekfld iz'u&i=

fo"k; % i;kZoj.k vkSj ge — ekl % vxLr

d{kk % III — lIrk % 2

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8
   (i) ––––– को भून कर खाया जाता है।
   (ii) ––––– को तल कर खाया जाता है।
   (iii) ––––– को उबाल कर खाया जाता है।
   (iv) ––––– को सेंक कर खाया जाता हैं।
2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8
   (i) सीमेंट से ईंट की जुड़ाई की जाती है। ☐
   (ii) चूने का उपयोग फर्श बनाने के लिए किया जाता है। ☐
   (iii) घरों में खिड़कियाँ नहीं बनानी चाहिए। ☐
   (iv) रोशनदान से प्रकाश आता है। ☐
3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तम्भ 'अ'		स्तम्भ 'ब'
(i)	जलावन	(क)	स्टोव
(ii)	बर्तन	(ख)	खीर
(iii)	खाद्य सामग्री	(ग)	उपला
(iv)	चूल्हा	(घ)	तसला

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16
   (i) खाना बनाने के उपयोग में आने वाले किन्हीं पाँच बर्तनों के नाम लिखिए।
   (ii) जलावन के लिए उपयोग में लायी जाने वाली किन्हीं पाँच वस्तुओं के नाम लिखिए।
   (iii) घर बनाने के लिए किन–किन सामग्रियों का उपयोग किया जाता है?
   (iv) आपके घर में कितने कमरे हैं ?
5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10
   (i) अगर दुनिया से जलावन खत्म हो जाये, तो क्या–क्या कठिनाईयाँ हो सकती हैं तथा उसका क्या उपाय किया जा सकता है?
   (ii) अगर हमारे पास घर नहीं हैं, तो क्या–क्या कठिनाईयाँ हो सकती है?

v)okf"kZd iz'u&i=

fo"k; % i;kZoj.k vkSj ge — ekl % fl rEcj

d{kk % III — lIrk % 1

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

1. खाली जगहों को भरिए– 4x2=8
   (i) हमें घर की साफ–सफाई ..... करना चाहिए। (हमेशा / कभी–कभी)
   (ii) सीलन वाले कपड़ों को ..... में सुखाना चाहिए। (धूप / छाया)
   (iii) घर का कचरा ..... फेंकना चाहिए। (सड़क पर / कचरा डिब्बो में)
   (iv) दीपावली ..... का पर्व है। (साफ–सफाई / गन्दगी)
2. मिलान कीजिए – 4x2=8

	स्तंभ 'अ'		स्तंभ 'ब'
(i)	नुकीला पत्ता	(क)	केला
(ii)	गोलाकार पत्ता	(ख)	पीपल

(iii) कटा–फटा पत्ता (ग) बरगद

(iv) लंबा पत्ता (घ) गुलाब

3. सही कथन में ( ) तथा गलत कथन में ( ) का निशान लगायें। 4x2=8

(i) मेष संक्रांति में सत्तू खाया जाता है। ☐

(ii) भूँजा तलकर खाते हैं। ☐

(iii) पक्का घर ईंटों से बनता है। ☐

(iv) शेर जुगाली करने वाला पशु है। ☐

4. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 4x4=16

(i) दो गोल पत्तियों वाले पौधों के नाम लिखिए।

(ii) दो शाकाहारी पक्षियों के नाम लिखिए।

(iii) दो चलने वाले जीवों के नाम लिखिए।

(iv) अपने–आप पकने वाली दो चीजों के नाम लिखिए।

5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न– 1x10=10

(i) एक कच्चे घर को बनाने में, किन–किन सामग्रियों का उपयोग किया जाता है ?

(ii) पक्के घर को बनाने में, किन–किन सामग्रियों का उपयोग किया जाता है ?

v)okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % flrEcj

d{kk % **III** lV % 2

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) दीपावली के अवसर पर दुकानों की ––––– हुई है।(सफाई/सिलाई)

(ii) लोग घरों को सजाने के लिए ––––– की खरीददारी कर रहे हैं। (मोमबत्ती/अगरबत्ती)

(iii) सड़क पर घरों तथा दुकानों का ––––– फेंका हुआ था। (कचरा/पचड़ा)

(iv) कचरे से ––––– आती है। (दुर्गन्ध/सुगन्ध)

2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) बहन के पति को जीजाजी कहते है। ☐

(ii) मकड़ी कोटर में रहती है। ☐

(iii) यूक्लिप्टस का पेड़ नाटा होता है। ☐

(iv) तोता मांस नहीं खाता है। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तंभ 'अ'		स्तंभ 'ब'
(i)	चिड़िया	(क)	गाय
(ii)	जुगाली	(ख)	साँप
(iii)	निगलना	(ग)	तोता
(iv)	रेंगना	(घ)	मेंढक

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) दो ऐसी पत्तियों का नाम लिखें, जिन्हें खाया जाता है ?

(ii) कौन पक्षी घर में घोंसला बनाता है?

(iii) जल में रहनेवाले दो जीवों के नाम लिखिए।

(iv) तीन माह का बच्चा, क्या–क्या खा सकता है?

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) खाना बनाने के काम में, किन–किन लोगों को सहयोग करना चाहिए और क्यों?

(ii) पत्तियों का उपयोग किन–किन कार्यों में किया जाता है?

अर्द्धवार्षिक i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % fl rEcj

d{kk % III — lV % 3

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) गुल्लू की माँ ने दीवारों पर आकर्षक–––––– की थी। (चित्रकारी/पिचकारी)

(ii) –––––– में दीपों को सजाया गया । (गोधूलि/सुबह)

(iii) दादी –––––– से बाती बना रही थी। (रूई/धागा)

(iv) सुखदा ने रंगीन चावल से –––––– सजाया। (टेबुल/रंगोली)

2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) बाढ़ की लाई प्रसिद्ध है। ☐

(ii) ईद में छोले–भटूरे बनते हैं। ☐

(iii) चूने से ईटों की जुड़ाई होती है। ☐

(iv) चना कच्चा भी खाया जाता है। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तंभ 'अ'		स्तंभ 'ब'
(i)	नाना	(क)	मौसा
(ii)	माँ	(ख)	नानी
(iii)	चाची	(ग)	पिता
(iv)	मौसी	(घ)	चाचा

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) दवाई के रूप में उपयोग किये जाने वाली दो पत्तियों के नाम लिखिए।

(ii) ताड़ के पेड़ पर किस पक्षी का घोंसला पाया जाता है?

(iii) दो उड़नेवाले जीवों के नाम लिखिए।

(iv) कच्ची खायी जाने वाली दो चीजों के नाम लिखिए।

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) घर न हो तो क्या–क्या परेशानियाँ आयेंगी?

(ii) आप दीपावली में क्या–क्या करते हैं?

i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % fl rEcj

d{kk % III — lV % 4

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) दीपावली में लोग अपने घरों की–––––– करते है।

(ii) सुखदा और संजय दोस्तों से –––––– सजाने की बात कर रहे थे।

(iii) सुखदा ने –––––– और –––––– की सफाई की।

(iv) माँ ने बेकार चीजों को –––––– में इकट्ठा करने को कहा।

2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) पिताजी की बहन फूआ कहलाती है। ☐

(ii) छिपकली के पैर नहीं होते हैं। ☐

(iii) मुर्गा कुकड़ूँ–कुँ करता है। ☐

(iv) उड़हुल फलदार पौधा है। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

स्तंभ 'अ'	स्तंभ 'ब'
(i) फलदार पौधा	(क) युक्लिप्टस
(ii) मजबूत तना	(ख) जामुन
(iii) कमजोर तना	(ग) उड़हुल
(iv) फूल	(घ) अनार

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) सजावट के उपयोग में आनेवाली दो पत्तियों के नाम लिखिए।

(ii) कोटर में रहने वाले किसी एक पक्षी का नाम लिखिए।

(iii) दो रेंगने वाले जीवों के नाम लिखिए।

(iv) घर में मसाला पीसने का काम कौन करता है?

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) आपके घर में अगर शादी हो तो, आप किन–किन रिश्तेदारों को बुलाना चाहेंगे?

(ii) आप अपने घर में कौन–कौन सा काम करना पसन्द करेंगे?

i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % fl rEcj

d{kk % **III** — lV % 5

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) माँ ––––– की सफाई में लगी है।

(ii) दादा जी और चाचा जी ––––– को साफ कर रहे थे।

(iii) पिता जी कंबल और रजाई को ––––– में फैला रहे है।

(iv) रंग बिरंगे ––––– से दुकानें सजायी गयी।

2. सही पर ( ) तथा गलत के सामने ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) शेर जुगाली करता है। ☐

(ii) मामा की बहन मौसी कहलाती है। ☐

(iii) मकर संक्रांति में हलवा–पूड़ी खाते है। ☐

(iv) पीपल का पत्ता गोल होता है। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

स्तंभ 'अ'	स्तंभ 'ब'
(i) कबूतर	(क) कुहू–कुहू
(ii) कोयल	(ख) काँव–काँव
(iii) मुर्गा	(ग) गुटर गूँ
(iv) कौआ	(घ) कुकड़ूँ–कुँ

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) दो नुकीली पत्तियों वाले पौधे का नाम लिखिए।

(ii) दो मांसाहारी पक्षियों के नाम लिखिए।

(iii) दो तैरने वाले जीवों के नाम लिखिए।

(iv) बाजार से सब्जी कौन लाता है?

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) अगर पेड़–पौधे न हों, तो क्या होगा?

(ii) अगर जीव–जन्तु न हों, तो क्या होगा?

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % vDVcj

d{kk % III — lV % 1

1 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) आपके गाँव के उत्तर में ———————— है।

(ii) आपके विद्यालय के दक्षिण में ———————— है।

(iii) आपके घर के पूरब में ———————— है।

(iv) आपके दोस्त के घर के पश्चिम में ———————— है।

2 सही पर (√) तथा गलत पर (X) का चिह्न लगाइए– 2x4=8

(i) मुँह सूरज की ओर होने पर पीठ दक्षिण दिशा में होगी। ☐

(ii) सूरज पश्चिम दिशा में डूबता है। ☐

(iii) सूरज उत्तर दिशा से निकलता है। ☐

(iv) सूरज की स्थिति से दिशाओं का पता चलता है। ☐

3 मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तंभ 'अ'	स्तंभ 'ब'
(1)	सूरज का उगना	दक्षिण
(2)	ध्रुवतारा की दिशा	पश्चिम
(3)	मुँह पूरब तो दायाँ हाथ	पूरब
(4)	सूरज का डूबना	उत्तर

4 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) शाम के समय सूरज किस दिशा में होता है ?

(ii) कुल कितनी दिशाएँ होती है ?

(iii) घर से स्कूल के बीच में क्या –क्या चीजें दिखती हैं ?

(iv) आपका घर स्कूल से किस दिशा में है ?

5 निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) आप अपने स्कूल और घर के बीच के गलियों के दोनों तरफ की चीजों को बनाइए।

(ii) आपके गाँव के चारों दिशाओं (दिशा सहित) में क्या –क्या है ? लिखिए ।

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % vDVcj

d{kk % III — lV % 2

1 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) सूरज ———————— दिशा में उगता है। (पूरब/पश्चिम)

(ii) मुँह दक्षिण दिशा में होने पर दायाँ हाथ ———————— दिशा में होगी। (पूरब / पश्चिम)

(iii) उत्तर की ओर मुँह होने पर पश्चिम में ——————————हाथ होगा। (बायाँ / दायाँ)

(iv) मुँह पूरब तो बायाँ हाथ ——————————दिशा में होगा (दक्षिण / उत्तर)

2 सही पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) मुँह उत्तर दिशा में होने पर दायाँ हाथ पश्चिम की ओर होगा। ☐

(ii) सूरज पश्चिम दिशा में उगता है। ☐

(ii) 'ध्रुवतारा' रात में उत्तर दिशा में दिखाई देता है। ☐

(iv) जब हम सोकर उठते है तो सूरज पूरब में होता है। ☐

3 सही पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए । 4x2=8

(i) सूरज डूबता है–

(क) उत्तर (ख) दक्षिण (ग) पूरब (घ) पश्चिम

(ii) सूरज निकलता है–

(क) उत्तर (ख) दक्षिण (ग) पूरब (घ) पश्चिम

(iii) यदि बायाँ हाथ पश्चिम में है तो पीठ होगी–

(क) उत्तर (ख) दक्षिण (ग) पूरब (घ) पश्चिम

(iv) आपके स्कूल से घर की दिशा है–

(क) उत्तर (ख) दक्षिण (ग) पूरब (घ) पश्चिम

(4) निम्न प्रश्न के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए। 4x4=16

(i) स्कूल के आस–पास क्या–क्या चीजें दिखती हैं ? लिखिए।

(ii) कुल कितनी दिशाएँ होती हैं ?

(iii) अपने घर की तरफ यदि आपका पीठ है तो बताइए –

(क) पीछे की ओर की दिशा :–

(ख) आगे की ओर की दिशा :–

(iv) दोपहर के समय सूरज किस दिशा में होता है ?

5. निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए । 1x10=10

(i) आपके गाँव के किस दिशा में क्या है ?

(क) पूरब –

(ख) पश्चिम –

(ग) उत्तर –

(घ) दक्षिण –

(ii) आप अपने घर से स्कूल के बीच की चीजों को लिखिए–

(क) बायीं तरफ :——————————————————

(ख) दायीं तरफ :——————————————————

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % uoEcj

d{kk % **III** lV % 1

1 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) ——————————— में पानी ठंढ़ा रहता हैं। (बाल्टी / घड़ा)

(ii) गर्मी के दिनों में पानी की ————————होती है। (कमी / आधिकता)

(iii) बस ——————————————— से चलती हैं। (पेट्रोल / डीजल)

(iv) रेलगाड़ी ——————————— पर चलती है। (पटरी / सड़क)

2 सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) बरसात के पानी को इकट्ठा करना चाहिए। ☐

(ii) सड़क बनने से गाँवों में बहुत सारी असुविधा हुई है। ☐

(iii) गर्मी के दिनों मे पानी की आधिकता होती है। ☐

(iv) वाहन सामान लाने व ले जाने में उपयोगी है। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तभ 'अ'	स्तभ 'ब'
(i)	जल का मुख्य स्रोत	ट्रैक्टर
(ii)	लोहे का पहिया	बरसात ऋतु
(iii)	सामान ढोने का वाहन	बारिश
(iv)	मेढक की टर्र–टर्र	रेलगाड़ी

4 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए। 4x4=16

(i) बारिश आने पर आप क्या –क्या करते हैं ? लिखिए।

(ii) पानी की तीन स्रोत लिखिए ।

(iii) वाहन किन–किन तरह की ताकतों से चलते हैं। लिखिए।

(iv) अत्यधिक वाहन के चलने से क्या–क्या नुकसान होते हैं। लिखिए।

5 निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) पानी का उपयोग किन–किन कामों में किया जाता है ? इसकी बचत किस प्रकार कर सकते हैं ?

(ii) यदि यातायात के साधन नहीं हो तो क्या होगा ?

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % uoEcj

d{kk % **III** — lV % 2

1 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) ———————————— जल के स्रोत हैं। (नदी/नल)

(ii) बारिश के पानी को ———————— करना चाहिए। (जमा/बर्वाद)

(iii) टेम्पो ———————— से चलता है (घोड़ा/डीजल)

(iv) कार ———————————— पहिया वाहन हैं। (दो/चार)

2 सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) खुले नल को बंद कर देना चाहिए। ☐

(ii) डीजल –पेट्रोल का खूब उपयोग करना चाहिए। ☐

(iii) पानी के पानी को खुले बाल्टी में रखना चाहिए। ☐

(iv) स्टीमर पानी में चलने वाला वाहन है। ☐

3 एक शब्द में उत्तर दीजिए– 4x2=8

(i) एक चार पहिया वाहन ————————————

(ii) जल का एक स्रोत ————————————

(iii) जानवर द्वारा चलने वाला वाहन ————————————

(iv) पानी ठंढा रखने का एक बरतन ————————————

4 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) पानी का उपयोग किन–किन कामों के लिए करते हैं ? लिखिए।

(ii) आपके गाँव में बारिश का पानी किस प्रकार इकट्ठा किया जाता है ? लिखिए।

(iii) आपने किन–किन वाहनों की सवारी की है ? लिखिए ।

(iv) हवा में उड़ने वाले वाहन का नाम लिखिए।

5 निम्न में से किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) पीने के पानी के लिए किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? लिखिए।

(ii) यातायात के साधन या वाहन के नहीं होने पर क्या–क्या कठिनाई होगी ? लिखिए।

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % tuojh

d{kk % **III** lV % 1

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । 4x2=8

(i) डाकिया का वस्त्र ———————— का होता है। (खाकी/खादी)

(ii) चिट्ठी को ———————— में डालते है। (डिब्बे/पत्र–पेटी)

(iii) दरजी ———————— का काम करता है। (कपड़े/चमड़े)

(iv) ———————— से रंग बनाए जा सकते हैं। (फूल/धूल)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) साडी सिलवाकर पहना जाने वाला वस्त्र है। ☐

(ii) सूती कपड़ा हवादार होता है। ☐

(iii) चिट्ठियों पर टिकट लगाना आवश्यक नहीं है। ☐

(iv) कबड्डी अकेले खेली जा सकती है। ☐

3. एक शब्द में उत्तर दीजिए– 4x2=8

(i) संदेश भेजने का लोकप्रिय साधन ————————

(ii) चिट्ठी इकट्ठा करने और छाँटने की जगह ————————

(iii) घर के अंदर खेला जाने वाला एक खेल ————————

(iv) सर्दी में पहना जानेवाला एक वस्त्र ————————

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए। 4x4=16

(i) गर्मी में सूती कपड़ा क्यों पहनना चाहिए ?

(ii) आप कैसे समझेंगे कि कपड़े का रंग कच्चा है या पक्का ?

(iii) आपको कौन–सा खेल पसंद हैं ? लिखिए।

(iv) डाकघर में चिट्ठियों पर ठप्पा (मुहर) क्यों लगाया जाता है ?

5 निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए– 1x10=10

(i) चिट्ठियाँ एक जगह से दूसरे जगह किस प्रकार पहुँचती है ? लिखिए।

(ii) आप अपने दोस्तों के साथ कबड्डी किस प्रकार खेलते हैं ? लिखिए।

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % tuojh

d{kk % **III** lV % 2

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) छूने और पकड़ने का खेल ———————— है। (वॉलीबॉल/ कबड्डी)

(ii) धोती ————————————पहननेवाला वस्त्र है।(सिला के/बिना सिलाई के)

(iii) संदेश भेजने का अच्छा तरीका ———————— है। (आदमी भेजना / फोन)

(iv) ———————— लड़कियों का वस्त्र है। (समीज / कमीज)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) चिट्ठी पत्र पेटी में डालना चाहिए। ☐

(ii) कच्चे रंग का कपड़ा अच्छा होता है। ☐

(iii) फूलों से रंग बनाए जा सकते है। ☐

(iv) फुटबॉल घर के अंदर खेला जानेवाला खेल है। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तंभ 'अ'	स्तंभ 'ब'
(i)	क्रिकेट	गोल
(ii)	फुटबॉल	वस्त्र
(iii)	डाकिया	रन
(iv)	दर्जी	चिट्ठी

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) पक्का रंग किसे कहते हैं ?

(ii) वॉलीबॉल खेल के एक दल में कितने खिलाड़ी होते हैं ?

(iii) संदेश भेजने के कौन–कौन से तरीके हैं ?

(iv) आप अपना पता लिखिए, जिससे कि चिट्ठी आप तक पहुँच सके।

5. निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) कपड़े से हमें क्या–क्या फायदे हैं ? लिखिए ।

(ii) चिट्ठियों का सफर (एक जगह से दूसरी जगह) किस प्रकार पूरा होता है ? लिखिए।

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % Qjojh

d{kk % **III** — lV % 1

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) देख नहीं सकनेवाले ———————— लिपि का उपयोग करते है। (ब्रेल / संकेत)

(ii) लोहे का कार्य गाँव में ————————करते हैं। (बढ़ई / लुहार)

(iii) कमजोर पैर वाले ———————— कुर्सी का उपयोग करते है। (पहियादार / सामान्य)

(iv) घरौंदा——— के अवसर पर बनाया जाता हैं। (होली / दीपावली)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) नहीं देख सकनेवाले लोग पानी का ग्लास इशारे से मांगते हैं। ☐

(ii) हल बनाने का काम बढ़ई करते हैं। ☐

(iii) चाक पर मिट्टी का बर्त्तन बनाया जाता है। ☐

(iv) बिना बोले कोई भी बातचीत नहीं हो सकती । ☐

3. एक शब्द में उत्तर दीजिए– 4x2=8

(i) अन्न पैदा करने वाला ————

(ii) वाहन चलाने वाला ————————

(iii) कपड़ा सिलने वाला ————————

(iv) इलाज करने वाला ————————

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) नहीं देख सकनेवाले के लिए लिपि की खोज किसने की?

(ii) नहीं देख सकनेवाले अपना काम कैसे करते हैं ?

(iii) आपके घर में मिट्टी से बने कौन–कौन से सामान हैं ?

(iv) मिट्टी के बर्त्तन को आग में क्यों पकाया जाता है ?

5 निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) कुम्हार मिट्टी के सामान बनाने के लिए कई कार्य करतें है। इनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की एक सूची बनाइए।

(ii) नहीं बोलने और सुनने वाले अपनी बातचीत किस प्रकार करते हैं ? लिखिए।

ekfld i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % Qjojh

d{kk % III lV % 2

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) लोहे के सामान बनाने वाले को ———————— कहते हैं। (लुहार/बढ़ई)

(ii) हल बनाने का काम ———————— करते हैं। (लुहार/किसान)

(iii) नहीं बोलने वाले अपनी बातचीत ———————— से करते है। (इशारे/लिखकर)

(iv) देख नहीं सकने वाले ———————— लिपि का उपयोग करतें हैं। (ब्रेल/रोमन)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) देख नहीं सकने वाले भी पढ़–लिख सकते हैं। ☐

(ii) बिना बोले कोई भी बातचीत नहीं हो सकता। ☐

(iii) खेती करनेवाले को मजदूर कहते हैं। ☐

(iv) पहियादार कुर्सी पर बैठकर भी कई कार्य किए जा सकते हैं। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

स्तंभ 'अ'	स्तंभ 'ब'
(i) सुन नहीं सकने वाले	चाक
(ii) देख नहीं सकने वाले	पहियादार कुर्सी
(iii) कमजोर पैर वाले	संकेत की भाषा
(iv) मिट्टी का सामान	ब्रेललिपि

4 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए। 4x4=16

(i) आपके घर में मिट्टी के कौन–कौन से बरतन है ? नाम लिखिए।

(ii) नहीं देखनेवालों के लिए, लिपि की खोज किसने की ?

(iii) खेत में अन्न उगानेवाले को क्या कहते हैं ?

(iv) नहीं देख पाने वाले चीजों की पहचान किस प्रकार करते हैं ?

5. निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) मिट्टी के बर्त्तन या सामान बनाने के लिए कुम्हार को क्या–क्या करना पड़ता हैं ? लिखिए।

(ii) आँख पर पट्टी बंधी होने पर आप क्या–क्या नहीं कर सकते हैं ? लिखिए।

okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % ekpi

d{kk % III lV % 1

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) रेलगाड़ी का पहिया ———————— का बना होता है। (लोहा/रबर)

(ii) गौरेया अपना घोंसला ———————— से बनाती है। (खर–पतवार/ लकड़ी)

(iii) छेड़ने पर ———————— काटती है। (मधुमक्खियाँ/मच्छर)

(iv) माँ के पिताजी को ———————————— कहा जाता है। (दादाजी/ नानाजी)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) घोड़ा गाड़ी पेट्रोल से चलता है। ☐

(ii) ईद के अवसर पर सेवईयाँ खायी जाती है। ☐

(iii) केरल के लोग खाना बनाने में सरसों तेल का उपयोग करते हैं ? ☐

(iv) तुलसी का उपयोग दवा के रुप में किया जाता है। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तंभ 'अ '	स्तंभ 'ब'
(i)	अन्न उगाने वाला	दर्जी
(ii)	इलाज करने वाला	डाकिया
(iii)	कपड़ा सिलने वाला	किसान
(iv)	चिट्ठी लाने वाला	डॉक्टर

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) क्रिकेट खेलने के लिए एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं ?

(ii) कपड़े से क्या फायदे होते हैं ?

(iii) आप पानी का उपयोग किन–किन कामों के लिए करते हैं ?

(iv) चारों दिशाओं का नाम लिखिए।

5. निम्न में से किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) घड़ा तैयार करने के लिए कुम्हार को क्या–क्या तैयारी करनी पड़ती है ?

(ii) चिट्ठी एक जगह से दूसरी जगह किस प्रकार पहुँचती है ?

okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % ekpl

d{kk % **III** — lV % 2

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) ———————— जुगाली करता है। (गाय/घोड़ा)

(ii) मोर पक्षी का पंख ————————होता है। (भद्दा/सुन्दर)

(iii) टमटम———————— द्वारा चलता है। घोड़ा/ बैल)

(iv) संदेश भेजने का तेज साधन ————————— है। (चिट्ठी/मोबाइल)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए । 4x2=8

(i) पीपल का पत्ता लंबे आकार का होता है। ☐

(ii) भोजपुर में लिट्टी–चोखा का प्रचलन है। ☐

(iii) फूलो से रंग बनाये जा सकते है। ☐

(iv) ब्रेल लिपि के द्वारा मूक–बधिर अपनी पढ़ाई करते हैं। ☐

3. एक शब्द में उत्तर दीजिए– 4x2=8

(i) गौरैया का भोजन ————————

(ii) होली के अवसर पर बनने वाला पकवान ————————

(iii) जल के प्राप्ति के एक स्रोत ————————

(iv) घर के अंदर खेला जाने वाला खेल————————

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) आपके मामा का बेटा, आपकी माँ का क्या लगेगा?

(ii) आपके पिताजी का क्या नाम है?

(iii) पत्तियों का उपयोग किन–किन कार्यों में किया जाता है?

(iv) आप खाने में किन –किन अनाजों का उपयोग ज्यादा करते हैं ?

5. निम्न में से किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) यदि पेड़ ना हों, तो क्या होगा ? लिखिए।

(ii) आपके विद्यालय के किस–किस दिशा में क्या–क्या हैं ? लिखिए।

okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % ekpZ

d{kk % **III** lR % 3

1 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) दिशाएँ ———————————— होती है। (दस/चार)

(ii) सरसो का फूल ———————— होता है। (पीला/ लाल)

(iii) तोता ————————————खाता है। (फूल/ फल)

(iv) नर्स———————————— में काम करती है। (स्कूल/ अस्पताल)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) पत्ते भोजन के लिए उपयोगी नहीं है। ☐

(ii) आपके फूआ की बेटी आपके पिताजी की भगनी लगेगी। ☐

(iii) रेलगाड़ी सड़क पर चलती है। ☐

(iv) कपड़े हमें गरमी, ठंढ, धूल आदि से बचाती है। ☐

3. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) देख नहीं पानेवाले चीजों की पहचान करते हैं ।

(क) सुनकर (आवाज से) (ख) छूकर (स्पर्श द्वारा)

(ग) सुंघकर (गंध से) (घ) उपर्युक्त सभी

(ii) तीन माह के बच्चे का भोजन है।

(क) चावल (ख) दाल का पानी

(ग) दूध (घ) सब्जी

(iii) सिलाव का प्रसिद्ध है।

(क) खाजा (ख) लाई

(ग) रसकदम (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) पानी का स्रोत है –

(क) कुआँ (ख) बाल्टी

(ग) लोटा (घ) सुराही

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) आपके घर में मिट्टी के बरतन, किस–किस काम में आते हैं ? लिखिए।

(ii) अगर पेड़–पौधे न हों, तो हमारा क्या होगा ? लिखिए।

(iii) पत्तियों का उपयोग, किन–किन कार्यों में होता हैं ? लिखिए ।

(iv) जीभ से भोजन पकड़ने वाले तीन जीवों के नाम लिखिए।

5. निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए। 1x10=10

(i) यातायात और वाहनों की आवश्यकता क्यों पड़ती हैं ? लिखिए।

(ii) आपको अपने कौन–कौन लोग अच्छे लगते है और क्यों।

okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % ekpZ

d{kk % III lV % 4

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) महुआ का ———————— खाया जाता हैं। (फूल/फल)

(ii) मेष संक्रांति पर ———————— खाया जाता हैं। (चूड़ा–दही/सत्तू)

(iii) साइकिल ————————गति की सवारी है। (तेज/धीमी)

(iv) ———————— घर के बाहर खेला जानेवाला खेल है। (फुटबॉल/कैरम)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) मकड़ी के छः पैर होते हैं। ☐

(ii) गिद्ध धीरे–धीरे खत्म होते जा रहे हैं। ☐

(iii) मिथिला के लोग दही–चूड़ा खाना पसन्द करते हैं। ☐

(iv) पीने का पानी के बरतन को ढँककर रखना चाहिए। ☐

3. एक शब्द में उत्तर दीजिए– 4x2=8

(i) वृक्ष पर रहने वाला जीव ————————

(ii) बिना पैर वाला जीव ————————

(iii) कबूतर की आवाज ————————

(iv) डीजल से चलने वाला एक वाहन ————————

4 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) आप अपने घर में क्या–क्या काम करते हैं ?

(ii) मकड़ी जाल वाला घर कैसे और क्यों बनाती हैं ?

(iii) पक्षी अपना घोंसला, किन–किन चीजों से बनाती हैं ?

(iv) आपके घर में खाने में, किन–किन पत्तों का इस्तेमाल होता हैं ? लिखिए।

5. निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) शादी–विवाह के अवसर पर आपके घरों में कौन–कौन सा कार्य होता है ? लिखिए।

(ii) पेड़–पौधे से हमें क्या –क्या लाभ है ? लिखिए।

okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % ekpZ

d{kk % III lV % 5

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) पीने का पानी ———————— रखना चाहिए। (ढँक कर/ खुला)

(ii) सूरज ———————— दिशा में डूबता हैं। (पूरब/ पश्चिम)

(iii) दीपावली में ———————— जलाते हैं। (दीप/ लकड़ी)

(iv) मिथिला में लोग ———————— खाना पसन्द करते है। (लिट्टी–चोखा/ दही–चूड़ा)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) खेलने से शरीर मजबूत होता है। ☐

(ii) खेत में अन्न उगानेवाले को मजदूर कहते है। ☐

(iii) वर्तमान समय में रेलगाड़ी कोयला और पानी से चलती है। ☐

(iv) नहीं बोल पाने वाले संकेतों की भाषा के द्वारा बातचीत करते है। ☐

3. मिलान कीजिए– 4x2=8

	स्तंभ 'अ'	स्तंभ 'ब'
(i)	घड़ा	संदेश
(ii)	बादल	कपड़ा
(iii)	चिट्ठी	मिट्टी
(iv)	दर्जी	वर्षा

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) किन–किन अवसरों पर आपके घर बाहर से रिश्तेदार आते हैं ?

(ii) अपने परिवार के सभी सदस्यों के नाम लिखिए।

(iii) कुछ लोग ज्यादा खाते है और कुछ लोग कम। क्यों ?

(iv) घर बनाने में कौन –कौन सी सामग्री की आवश्यकता पड़ती है ? लिखिए ।

5. निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) खाना पकाने के विभिन्न ईंधनों (जलावन) का नाम लिखिए। इनकी बचत हमें क्यों करनी चाहिए ?

(ii) आप दीपावली का त्योहार किस प्रकार मनाते हैं ? लिखिए।

okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % ekp

d{kk % **III** — lV % 6

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) माँ से संबंधित रिश्तेदार ———————————— हैं। (बुआ / मौसी)

(ii) कुम्हार ———————————————— बनाते हैं। (घड़ा / घरौंदा)

(iii) ————————— में ज्यादा पानी लगता है। (नहाने / घर धोने)

(iv) दीपावली में ———————————————— खाते हैं। (मिठाई / पूआ)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) नर्स गाँव मे रहकर लोगों की सेवा करती है।

(ii) गिलहरी पेड़ पर रहनेवाला जीव है।

(iii) नहीं देख पाने वाले के लिए ब्रेल लिपि उपयोगी है।

(iv) रिक्सा डीजल से चलता है।

3. सबसे अलग पर गोल घेरा लगाइए– 4x2=8

(i) ईट , सीमेंट , बकरी, बालू

(ii) लकड़ी , कोयला , किरासन तेल , चूल्हा

(iii) कंबल , बेडसीट, रजाई, स्वेटर ,

(iv) दाल , चावल , गेहूँ , पानी

4 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) क्या सभी बूढ़े लोग चने का भूंजा या गन्ना खा सकते है ?अगर नहीं तो क्यों ?

(ii) शादी के बाद लड़की, किन–किन नए रिश्तों के नाम से जानी जाती है ? लिखिए।

(iii) यदि आपकी आँखों पर पट्टी बांध दी जाये, तो आप क्या–क्या नहीं कर सकते हैं ?

(iv) पहिया आसानी से क्यों घूमता है ?

5. निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) आपको कौन –सा खेल सबसे ज्यादा पसंद है और वह कैसे खेला जाता है ? लिखिए ।

(ii) यदि यातायात के साधन नहीं हों, तो क्या होगा ? लिखिए।

okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % ekpZ

d{kk % **III** — lsV % 7

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8
   - (i) छिपकिली एक से दूसरी जगह ——————————जाती है। (कूदकर/रेंगकर)
   - (ii) शादी मे लोगों को बुलाने के लिए ——————————— भेजते है। (निमंत्रण/रुपया)
   - (iii) ——————————————— इलाज करते है। (शिक्षक/डॉक्टर)
   - (iv) गर्मी में ——————————— कपड़ा पहनना चाहिए । (सूती/ ऊनी)

2 सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8
   - (i) मधुमक्खियाँ छेड़ने पर काटती हैं। ☐
   - (ii) मेरे मित्र हमारे परिवार के सदस्य नहीं हैं। ☐
   - (iii) मेहमान का अभिवादन प्रणाम कर किया जाता है। ☐
   - (iv) कबड्डी खेल के एक दल में सात खिलाड़ी होते हैं। ☐

3 सही विकल्प पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8
   - (i) कचरा फेकना चाहिए–
     - (क) सड़क पर (ख) गली में
     - (ग) गड्ढे में (घ) कही भी
   - (ii) खाना बनाने का ईंधन हैं–
     - (क) गैस (ख) धूप
     - (ग) कोयला (घ) उपर्युक्त सभी
   - (iii) शाकाहारी जीव है–
     - (क) गाय (ख) बिल्ली
     - (ग) कुत्ता (घ) इनमें से कोई नहीं
   - (iv) इनके पंख रंगीन होते हैं–
     - (क) कौआ (ख) गौरैया
     - (ग) मोर (घ) कोयल

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16
   - (i) आपके घर की दीवारें किन चीजों से बनी हैं ? लिखिए।
   - (ii) रंगोली किस प्रकार बनाया जाता है ?
   - (iii) किसी पौधे का कौन–कौन सा भाग खाया जाता हैं ? लिखिए
   - (iv) आप गिद्ध पक्षी के बारे में क्या जानते है ? लिखिए ।

5. निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10
   - (i) आपको खाने में कौन–सी चीज सबसे अच्छी लगती है ? आपको उसे बनाने के लिए, क्या–क्या करना पड़ेगा ? लिखिए।
   - (ii) कुम्हार मिट्टी की चीजों को बनाने के लिए क्या–क्या करते हैं ? लिखिए।

okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % ekpZ

d{kk % **III** — lsV % 8

1 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8
   - (i) बाढ़ ——————————— के लिए प्रसिद्ध हैं। (लाई/खाजा)
   - (ii) केले के पत्तों का उपयोग ——————————— में होता हैं । (जलाने/सजावट)

(iii) अमरुद का तना ———————— होता है। (मजबूत /कोमल)

(iv) तालाब में रहनेवाला जीव ———————— है। (बगुला/मछली)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) फूलों से रंग बनाए जा सकते हैं। ☐

(ii) सीमेंट हमारे गाँव में ही बनाया जाता है। ☐

(iii) कुछ पौधों की जड़ें भी खायी जाती है। ☐

(iv) पेड़ –पौधों के बिना भी हम जिन्दा रह सकते है। ☐

3. सबसे अलग पर गोल घेरा लगाइए– 4x2=8

(i) क्रिकेट , फुटबॉल , हॉकी , लूडो

(ii) केला , गुलाब , गेंदा , उड़हुल

(iii) मोबाइल , फोन , चिट्ठी , ई–मेल

(iv) कार , साइकिल , बस , ट्रक

4 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) गर्मी के दिनों में सूती कपड़े क्यों पहनते हैं ?

(ii) गड्ढे (टैंक) या तालाब में पानी क्यों इकट्ठा करते हैं ?

(iii) आपके विद्यालय के चारो (दिशा सहित) ओर क्या –क्या हैं ? लिखिए।

(iv) अगर आपके घर में खिड़की नहीं हो, तो क्या होगा ? लिखिए।

5. निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) चिट्ठियाँ एक जगह से दूसरे जगह किस प्रकार पहुँचती है ? पूरी प्रक्रिया लिखिए।

(ii) आप दिवाली किस प्रकार मनाते हैं ? लिखिए।

okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge — ekl % ekp

d{kk % **III** — lV % 9

1. रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) फूलों पर ————————————मँडराती है। (तितली/ मक्खी)

(ii) मकर संक्रांति पर ———————— खाया जाता है। (सत्तू/ तिलकुट)

(iii) घर में पानी ———————————— में भरकर रखतें हैं। (नाद/घड़ा)

(iv) स्टीमर ———————————— यातायात का साधन हैं। (जल/हवाई)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर ( ) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) दीपावली के अवसर पर घरों को साफ–सुथरा किया जाता है। ☐

(ii) डाकघर में इलाज करवाना अच्छा है। ☐

(iii) कपड़े हमें कीड़े–मकोड़े और मौसम से बचाते हैं । ☐

(iv) 'ब्रेल लिपि' अक्षर के रुप में लिखा जाता है। ☐

3 एक शब्द में उत्तर दीजिए– 4x2=8

(i) तैरने वाला एक जीव ————————————

(ii) एक मांसाहारी जीव ————————————

(iii) सूरज डूबने की दिशा ————————————

(iv) लकड़ी का सामान बनानेवाला ————————————

4 निम्न प्रश्नों का उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) परिवार में सभी लोग एक साथ नहीं रहें, तो क्या होगा ? लिखिए।

(ii) जीभ से भोजन पकड़ने वाले तीन जीवों का नाम लिखिए।

(iii) हमलोग किन तरीकों से खाना पकाते हैं ? लिखिए।

(iv) रंगोली किस प्रकार बनाया जाता है ?

5 निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) विभिन्न प्रकार के पेड़–पौधों के पत्ते किस प्रकार उपयोगी हैं ? लिखिए।

(ii) घर नहीं होने पर हमें क्या–क्या कठिनाईयाँ होगी ? लिखिए।

okf"kd i'u&i=

fo"k; % i;koj.k vkj ge ekl % ekpZ

d{kk % **III** lV % 10

1 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4x2=8

(i) ईंट से ———————————— बनायी जाती है। (छत/ दिवाल)

(ii) घर में गेहूँ पिसवाने का कार्य ———————————— करते हैं। (पुरुष/महिला)

(iii) महुआ का ———————— खाने के रुप में उपयोगी है। (फूल/फल)

(iv) ————————————पेड़ पर रहनेवाला जीव है। (बिल्ली/गिलहरी)

2. सही कथन पर ( ) तथा गलत पर (X) का चिह्न लगाइए– 4x2=8

(i) चिट्ठी पर टिकट लगाया जाता है। ☐

(ii) कचरा सड़क पर फेंकना चाहिए। ☐

(iii) धूप से खाना पकाया जा सकता है। ☐

(iv) केले के पत्ता का उपयोग दवाई के रुप में किया जाता है। ☐

3. एक शब्द में उत्तर दीजिए– 4x2=8

(i) घर के अंदर खेला जानेवाला खेल ——————————

(ii) सर्दी में पहना जाने वाला वस्त्र ————————

(iii) पशुओं के द्वारा चलने वाला वाहन ————————

(iv) रंगों का त्योहार ————————————————

4 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए– 4x4=16

(i) आप कच्चे एवं पक्के रंग से क्या समझते हैं ? लिखिए।

(ii) चिट्ठियों के अलावा डाकिया और क्या–क्या लाता है ? लिखिए।

(iii) पानी को ढँक कर रखने की जरुरत क्यों पड़ती है ? लिखिए।

(iv) अगर आपका मुँह पूरब दिशा मे है तो दाहिना हाथ किस दिशा में होगा ?

5 निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पाँच से दस वाक्यों में दीजिए– 1x10=10

(i) कुम्हार मिट्टी के बर्त्तन बनाने के लिए क्या–क्या करते हैं ? लिखिए।

(ii) आप दीपावली के त्योहार किस प्रकार मनाते हैं ? लिखिए।